आंत परीक्षण (बॉवल स्क्रीनिंग)

60 से 74 साल की आयु के लोगों के लिए

राष्ट्रीय आंत परीक्षण कार्यक्रम (नेशनल बॉवल स्क्रीनिंग प्रोग्राम)

Time to screen

National Bowel Screening Programme

न्यूजीलैंड दुनिया के उन देशों में से है जहाँ आंत कैंसर की दर सबसे अधिक है। आंत की नियमित जांच कराने से कैंसर का जल्दी पता लगाकर जानें बचाई जा सकती हैं जब अक्सर उसका उपचार सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

एक **निःशुल्क** राष्ट्रीय आंत परीक्षण कार्यक्रम (नेशनल बॉवल स्क्रीनिंग प्रोग्राम) को न्यूज़ीलैंड भर में शुरू किया जा रहा है। इसे 60 से 74 साल के उन पुरुषों और महिलाओं को पेश किया जा रहा है जो सार्वजनिक निधिबद्ध स्वास्थ्य सेवा (पब्लिकली फंडिड हैल्थकेयर) के लिए पात्र हैं।

जांच के लिए आपकी बारी आने पर आपको एक आमंत्रण पत्र, एक सहमति फार्म, और एक मुफ्त बॉवल स्क्रीनिंग टैस्ट किट भेजी जाएगी।

आपके इलाके में कार्यक्रम शुरू होने के दो साल के अंदर आपको पहला आमंत्रण मिलेगा।

यह टैस्ट घर में किया जाता है, और यह साफ-सुथरा तथा करने में आसान है।

राष्ट्रीय आंत परीक्षण कार्यक्रम (नेशनल बॉवल स्क्रीनिंग प्रोग्राम) के बारे में अधिक जानकारी **www.timetoscreen.nz** वेबसाइट पर, या **0800 924 432** नम्बर पर फोन करने से उपलब्ध है।

यदि आप अपनी आंतों में किन्ही भी लक्षणों को लेकर चिंतित हों तो यह जरूरी है कि आप अपने डॉक्टर को तुरन्त दिखाएं।

Time to screen
National Bowel Screening Programme

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA
New Zealand Government

Hindi
HP6829 March 2018